भारत सरकार

नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 633

बुधवार, दिनांक 22 जुलाई, 2026 को उत्तर दिए जाने हेतु

<u>उत्तर प्रदेश में नवीकरणीय ऊर्जा योजनाओं का विस्तार</u>

633. श्री जितेंद्र दोहरेः क्या नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार इस बात से अवगत है कि उत्तर प्रदेश के इटावा लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र में नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा योजनाओं का अपेक्षित विस्तार नहीं हो पाया है;

(ख) गत तीन वर्षों के दौरान इटावा लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र में प्रधानमंत्री सूर्य पर मुफ्त बिजली योजना, प्रधानमंत्री किसान ऊर्जा सुरक्षा एवं उत्थान महाभियान (पीएम-कुसुम), सोलर रूफटॉप सौर संस्थापना, सौर पंप तथा अन्य नवीकरणीय ऊर्जा योजनाओं के अंतर्गत स्वीकृत एवं स्थापित परियोजनाओं तथा उन पर किए गए व्यय का योजना-वार ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार का विचार इटावा लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र के ग्रामीण एवं दूरस्थ क्षेत्रों में ऊर्जा की उपलब्धता बढ़ाने हेतु अतिरिक्त मौर हाईमास्ट लाइटें, सौर स्ट्रीट लाइटें लगाने के लिए और अन्य सामुदायिक सौर ऊर्जा परियोजनाओं को स्वीकृति प्रदान करने का है; और

(घ) यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण है?

उत्तर

नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा एवं विद्युत राज्य मंत्री

(श्री श्रीपाद येसो नाईक)

(क) और (ख): नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय (एमएनआरई) उत्तर प्रदेश के इटावा लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र सहित देश भर में राज्य कार्यान्वयन एजेंसियों द्वारा विभिन्न योजनाओं/कार्यक्रमों का कार्यान्वयन कर रहा है।

पीएम सूर्य घर: मुफ्त बिजली योजना (PMSG:MBY) और पीएम किसान ऊर्जा सुरक्षा एवं उत्थान महाभियान (PM: KUSUM) योजना मांग संचालित योजनाएं हैं, जिसमें कोई राज्य-वार आवंटन नहीं किया जाता है।

PMSG:MBY के तहत, फरवरी 2024 में इसके शुभारंभ के बाद से, कुल 17,929 आवेदन प्राप्त हुए हैं और 11,364 आरटीएस प्रणाली स्थापित की गई हैं, जिससे 11,364 परिवार लाभान्वित हुए हैं, और इटावा लोकसभा क्षेत्र को शामिल करते हुए, राज्यों को दिनांक 20.07.2026 की स्थिति के अनुसार योजना के

लाभार्थियों को केंद्रीय वित्तीय सहायता (सीएफए) के रूप में 78.27 करोड़ रुपये की राशि वितरित की गई है।

उत्तर प्रदेश राज्य की राज्य कार्यान्वयन एजेंसियों द्वारा दी गई सूचना के अनुसार, प्राप्त मांग और एमएनआरई द्वारा जारी स्वीकृतियों के आधार पर, पिछले तीन वर्षों के दौरान उत्तर प्रदेश के इटावा लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में पीएम कुसुम योजना के तहत कुल 414 कृषि पंपों का सौरीकरण किया गया है और 216.24 करोड़ रुपये की राशि जारी की गई है।

इसके अलावा, यूपीनेडा (UPNEDA) ने उत्तर प्रदेश के इटावा लोकसभा क्षेत्र में पिछले तीन वर्षों के दौरान 1933 किलोवाट क्षमता के सौर पीवी की स्थापना और 8.20 करोड़ रुपये के व्यय के साथ 19 सरकारी भवनों के सौरीकरण और 2.72 करोड़ रुपये के व्यय से 1320 सौर स्ट्रीट लाइटों की स्थापना की सूचना दी है।

(ग) और (घ): वर्तमान में, इटावा लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र के ग्रामीण और दूरदराज के क्षेत्रों में ऊर्जा की उपलब्धता बढ़ाने के लिए सौर हाई मास्ट लाइट, सौर स्ट्रीट लाइट और अन्य सामुदायिक सौर ऊर्जा परियोजनाओं की स्थापना के लिए सहायता प्रदान करने के लिए एमएनआरई में कोई विशिष्ट योजना कार्यशील नहीं है।

*****